**खबर संक्षेप**

## बच्चों को पिलाई जा रही विटामिन-ए की खुराक



**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के मार्गदर्शन में 22 जुलाई से 16 सितम्बर तक शहडोल जिले में बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति में सुधार हेतु दस्तक अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर बच्चों की स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण की स्थिति, कुपोषण, दस्त, आयरन सिरप वितरण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को अभियान में निहित सेवाएं प्रदान की जा रही है तथा बच्चो को विटामिन ए की खुराक भी पिलाई जा रही है।

## दिव्यांग विद्यार्थियो को वितरित किये गए उपकरण

**शहडोल।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केंद्र बुढ़ार में शासकीय शालाओं में अध्यनरत 6 से 14 वर्ष तक के दिव्यांग विद्यार्थियो के लिए चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर के उपरांत चिन्हित विद्यार्थियो को उपकरण वितरित किये गए। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम जबलपुर के विशेषज्ञों द्वारा व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, बैसाखी, एल्बो ब्रेल, स्लेट ब्रेल किट, हियरिंग एड, सीपी चेयर, बड़ा रोलेटर आदि के उपकरण वितरित कर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को उसके उपयोग के तरीके बताए गए। उपकरण वितरण शिविर में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी. के. बी.आर.सी.सी. सीताराम दुबे, बीएसी राकेश त्रिपाठी, मनोज शुक्ला, भूपेंद्र सिंह जन शिक्षक नागेंद्र दुबे, एम. आर. सी. श्रीमती पुष्पलता मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## सिंगल यूज़ प्लास्टिक जप्त कर 3500 रूपए का लगाया गया जुर्माना



**शहडोल।** जिला मुख्यालय शहडोल के वार्ड क्रमांक 12 सब्जी मंडी स्थित 15 दुकानों से लगभग 9 किलोग्राम सिंगल यूज़ प्लास्टिक जप्त कर 3500 रूपए का जुर्माना लगाया गया, साथ ही दुकानदारों को समझाईस दी गई कि सिंगल यूज़ पॉलिथीन का उपयोग नहीं करें पॉलीथिन की जगह कपड़े/जूट के थैली का उपयोग करें। कार्यवाही में नगर पालिका से स्वच्छता निरीक्षक मोतीलाल सिंह, अनिल कुमार महोबिया, स्वच्छता उप पर्यवेक्षक भूपेश कोहरे संतोष लखेरा, आनंद यादव, विनय एवं क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से विश्वनाथ वर्मा अशोक शर्मा बालेंद्र सिंह तुलसीदास कामता प्रसाद, जिला पंचायत से दिनेश मिश्रा जिला समन्वयक एसबीएम की भूमिका रही ।

## वर्षा ऋतु में पशुपालक करें पशुओं की देखभाल

**शहडोल।** बदलते मौसम में जहाँ मानव जीवन के स्वास्थ्य सुरक्षा पर फोकस जरूरी है, वहीं पशुधन की भी वर्षा ऋतु में देखभाल बहुत आवश्यक है। इस मौसम में वातावरण में आई नमी में बढ़ोत्तरी के कारण पशुओं पर नकारात्मक प्रभाव पडता है, जिससे पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, जीवाणु, विषाणु फफूंद जनित एवं पशु परजीवियों जैसे जूं, मक्खी व मच्छरों से होने वाली सभी प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. अषोक सिंह ने बताया है कि बरसात के मौसम में पशुपालकों को पशुओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए। पशुओं को सूखे स्थान पर रखें जहां पर हवा व धूप की मात्रा पर्याप्त हो। साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखें। पशुओं को यदि पक्के फर्श पर रखा जाता है, तो उस स्थान पर सप्ताह में कम से कम दो बार कीटाणुनाशक दवाई से सफाई करें।

### शहडोल संभाग की नगर पालिकाओं में वित्तीय अनियमितताओं पर उठे सवाल

# भाजपा विधायक के सवाल से हिला नगरीय प्रशासन

**शहडोल।** भाजपा के पूर्व मंत्री बिसाहू लाल सिंह द्वारा उठाए गए सवाल ने शहडोल संभाग की नगर पालिकाओं में वित्तीय अनियमितताओं की परतें उधेड़ दी हैं। नगर विकास एवं आवास मंत्री को दिए गए सवाल में श्री सिंह ने 2021 से 2025 तक एक लाख से कम लागत के कोटेशन कार्यों, नियमों के उल्लंघन और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस सवाल के बाद प्रशासनिक हलकों में खलबली मच गई है।

मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में पूर्व मंत्री बिसाहू लाल सिंह एवं अनूपपुर से भाजपा विधायक द्वारा नगरीय विकास विभाग को घेरते हुए शहडोल संभाग की नगर पालिकाओं में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर उठाए गए सवाल ने राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में हलचल मचा दी है। बिसाहू लाल सिंह ने विधानसभा सचिवालय में पूछे गए प्रश्न क्रमांक 2341 के माध्यम से जनवरी 2021 से जून 2025 तक शहडोल, उमरिया और अनूपपुर जिलों की सभी नगर पालिकाओं में एक लाख से कम लागत के कोटेशन कार्यों की संख्या, प्रक्रिया और उसमें हुई गड़बड़ियों पर विस्तार से जानकारी मांगी। नगरपालिका अधिनियम 1961 के लेखा नियम 2018 के अनुसार, एक माह में एक लाख रुपए तक की सीमा में कोटेशन के माध्यम से केवल दो कार्य ही स्वीकृत किए जा सकते हैं। इसके बावजूद, कई निकायों में इस नियम का उल्लंघन करते हुए बार-बार एक जैसी प्रकृति के कार्य को कोटेशन में देकर नियमों की धज्जियां उड़ाई गईं। बिसाहू लाल सिंह ने यह भी जानना चाहा कि यदि ऐसा हुआ है तो यह किस श्रेणी की अनियमितता है, और क्या दोषियों के विरुद्ध समय-सीमा में कार्रवाई होगी? हालांकि विभाग की ओर से दिए गए उत्तर में यह तो स्वीकार किया गया कि नियमों का उल्लंघन अनियमितता की श्रेणी में आता है, लेकिन साथ ही यह भी कहा गया कि निकाय द्वारा वित्तीय अनियमितता नहीं की गई है, जिससे सवालों के घेरे और गहरे हो गए हैं। खास बात यह है कि श्री सिंह ने विधानसभा में यह मुद्दा तब उठाया जब वह स्वयं भाजपा के विधायक हैं और पूर्व में मंत्री भी रह चुके हैं। इससे राजनीतिक हलकों में यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या भाजपा के ही विधायक अब अपनी ही सरकार की बखिया उधेडने में लगे हैं?

### सवालों की बौछार के बाद नगर निकायों में मची खलबली

बिसाहू लाल सिंह द्वारा उठाए गए सवालों के बाद संभाग के लगभग दो दर्जन निकायों में मानो प्रशासनिक भूचाल आ गया है। आनन-फानन में 29 जुलाई तक संबंधित नगर निकायों ने विधानसभा सचिवालय में जानकारी भेजने की खानापूर्ति की, लेकिन विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, अधिकांश निकायों ने अधूरी और भ्रामक जानकारी ही प्रस्तुत की। बिसाहू लाल सिंह का कहना है कि यदि सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है, तो ज़मीनी स्तर पर हो रहे भ्रष्टाचार को नजरअंदाज क्यों किया जा रहा है? क्या स्थानीय अधिकारियों और कर्मचारियों पर निगरानी नहीं रखी जा रही या फिर जिला प्रशासन, कलेक्टर और सीएमओ स्तर के अधिकारी खुद को जनप्रतिनिधियों से ऊपर समझते हैं?




### राजनीतिक मायने भी निकाले जा रहे

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि संभाग में भाजपा के ही विधायकों की ओर से अपनी ही सरकार के खिलाफ लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। इससे पहले व्यवहारी विधायक शरद कोल ने भी शिक्षा विभाग में हुई अनियमितताओं और घोटालों पर विधानसभा में 10 वर्षों की जानकारी मांगते हुए सवाल उठाया था। बिसाहू लाल सिंह के सवाल के बाद यह चर्चा भी तेज है कि क्या अनूपपुर नगर पालिका में भी कुछ छिपाया जा रहा है? क्या सिंह अपने ही क्षेत्र की नगर पालिका की गतिविधियों से अनभिज्ञ हैं या उन्हें जानबूझकर जानकारी नहीं दी जाती? यह सवाल खुद उनके राजनीतिक भविष्य और स्थानीय प्रभाव को लेकर उठाए जा रहे हैं।

### क्या होगी कार्रवाई? या फिर सब 'मैनेज' हो जाएगा

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस मुद्दे पर कोई ठोस वैधानिक कार्रवाई होगी या फिर मामले को कुछ समय बाद ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा? प्रशासनिक सूत्र बताते हैं कि अधिकांश निकाय अपनी फाइलें और रिकॉर्ड छिपाने या संशोधित करने में लगे हैं। बिसाहू लाल सिंह के इस साहसिक कदम के बाद जनता और मीडिया की निगाहें अब नगरीय प्रशासन पर टिक गई हैं कि क्या वे पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ इन आरोपों की जांच करवाएंगे या नहीं। सवाल विधानसभा में उठ चुका है, जवाबों का दौर जारी है, लेकिन यदि शासन-प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो यह मामला भाजपा सरकार के लिए भी गले की फांस बन सकता है।

## कन्या महाविद्यालय में प्रेमचन्द एवं तुलसीदास जयंती पर साहित्यिक आयोजन

### मुख्य वक्ताओं ने छात्राओं को दिया साहित्यिक चेतना का संदेश




**शहडोल।** शासकीय इंदिरा गांधी गृह विज्ञान कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शहडोल में हिन्दी साहित्य के दो महान स्तंभ मुंशी प्रेमचन्द एवं गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के उपलक्ष्य में एक साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं पूर्व कुलपति डॉ. मुकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. सरोज बाला श्याम ने छात्राओं को प्रेमचन्द और तुलसीदास जी के जीवन, कृतित्व एवं साहित्यिक योगदान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रेमचन्द की यथार्थवादी दृष्टि और तुलसीदास की भक्ति चेतना को वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य से जोड़ा। कार्यक्रम में अतिथि विद्वान सुश्री योगिता शिवहरे ने प्रेमचन्द की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके साहित्य में आज के समाज की गूंज स्पष्ट सुनाई देती है। वहीं सुश्री निधि सिंह ने तुलसीदास जी के साहित्यिक अवदान को विस्तार से रेखांकित किया एवं कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन भी किया। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता सिंह मरकाम ने प्रेमचन्द की प्रमुख कहानियों एवं उपन्यासों में समाहित जीवन-दृष्टि को छात्रों के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कार्यक्रम का संचालन भी सफलता पूर्वक किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने तुलसीदास जी के दोहे और प्रेमचन्द की कहानियाँ पढ़ीं, जिससे पूरे वातावरण में साहित्यिक चेतना का संचार हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापकगण डॉ. कुमुद सांड्य (वनस्पति शास्त्र), डॉ. यमुना धुर्वे (गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष), डॉ. आर.एस. पासी, प्रो. लाल सिंह बंजारा, डॉ. विनोद कुमार सुनार, प्रो. एस. कुजूर सहित बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।

## पिंटू के संरक्षण में शुरू हुआ सट्टे का अवैध कारोबार

**शहडोल।** जिले के अमलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत बकहो नगर परिषद के स्टेट बैंक चौराहा, रावल मार्केट, कोतमा रोड और बकहो बस्ती में सट्टा कारोबार एक बार फिर खुलेआम फलफूल रहा है। पिंटू नामक तथाकथित नेता द्वारा यह अवैध सट्टा कारोबार संचालित किए जाने की बात सामने आ रही है, जिसमें उमेश व उसके जैसे कई लोग परचे (पट्टी) काटते हुए देखे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि यहां 'एक का 80' नामक खेल शुरू हो गया है और सट्टे का गोरखधंधा बगैर किसी डर के लगातार चल रहा है, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। इन इलाकों में सट्टा कारोबार की वजह से स्थानीय युवा तेज़ी से बर्बादी की ओर बढ़ रहे हैं। सट्टे की लत में पडक़र युवा न केवल अपनी जमा-पूंजी गंवा रहे हैं, बल्कि कई बार छोटे-मोटे अपराधों की तरफ भी बढ़ जाते हैं। नशे और जुए में डूबकर परिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों से दूर होते जाते हैं, जिससे पूरे समाज में असंतोष, तनाव और अपराध बढने का खतरा बढ़ जाता है। लगातार सट्टा खेलने से कई युवाओं की शिक्षा और भविष्य दोनों खतरे में आ गया है। सूत्रों के अनुसार प्रतिदिन लाखों रुपए का अवैध सट्टा कारोबार यहां चल रहा है और इसमें स्थानीय गुर्गों के अलावा कुछ बाहरी लोग भी शामिल हैं। इतना ही नहीं, सट्टा संचालन में आधुनिक तकनीकों, मोबाइल ऐप्स और ऑनलाइन पेमेंट का भी उपयोग बढ़ता जा रहा है, जिससे पुलिस के लिए इन पर शिकंजा कसना मुश्किल हो रहा है। प्रशासन की ओर से समय-समय पर कार्रवाई के निर्देश और छापेमारी भी होती हैं, लेकिन फिर भी इस कारोबार पर स्थायी रोक नहीं लग पा रही। स्थिति यह है कि सट्टा कारोबारी, पुलिस की पकड़ से बाहर रहते हुए खुलेआम युवा वर्ग को अपने जाल में फंसा रहे हैं। इसका सबसे बड़ा नतीजा यह है कि युवा अपनी मेहनत की कमाई गंवाकर कर्ज में डूब रहे हैं और परिवार आर्थिक-सामाजिक संकट में आ रहा है। समाज के प्रबुद्धजनों और जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से सट्टा एवं नशे के कारोबार के विरुद्ध ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि युवाओं को इस दलदल से बाहर निकाला जा सके और आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रह सके।




## फिर जगी उम्मीद: डेढ़ दशक से अधूरी पड़ी साईं बाबा प्रतिमा का शुरू हुआ निर्माण



**शहडोल।** जिले में एक बार फिर श्रद्धा और सबूरी की अलख जग रही है। लगभग डेढ़ दशक से अधूरे पड़े साईं बाबा के मंदिर और विशाल प्रतिमा निर्माण कार्य को लेकर अब नए सिरे से प्रयास शुरू हो गए हैं। यह प्रतिमा न केवल मध्य प्रदेश बल्कि छत्तीसगढ़ प्रांत की भी सबसे ऊंची साईं बाबा की प्रतिमा होने की संभावना है। बीते कुछ वर्षों से यह कार्य अधर में लटका रहा था, लेकिन अब शहडोल नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी और समाजसेवी इस कार्य को पूर्ण करने के लिए एकजुट हो गए हैं। शहडोल से उमरिया जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित इस साईं मंदिर परिसर का निर्माण कार्य लगभग 15 साल पहले शुरू हुआ था। श्रद्धालुओं में भारी उत्साह था और बाबा की भव्य प्रतिमा की कल्पना से ही लोग भाव-विभोर हो जाते थे, लेकिन निर्माण कार्य बीच में ही रुक गया और वर्षों तक यह स्थान केवल श्रद्धालुओं की आस का प्रतीक बनकर रह गया। कभी आर्थिक कारणों से तो कभी समन्वय के अभाव में यह परियोजना पूरी नहीं हो सकी।

अब शहर के समाजसेवी और व्यापारी रंजीत बसाक के नेतृत्व में एक नई शुरुआत की जा रही है। उन्होंने इस कार्य को जनसहयोग से पूर्ण कराने की जिम्मेदारी उठाई है। रंजीत बसाक ने शहडोल शहर समेत आस-पास के क्षेत्रों के प्रबुद्धजनों, व्यवसायियों, भक्तों और सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे मिलकर इस आध्यात्मिक धरोहर को पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि साईं बाबा का यह स्थान न केवल श्रद्धा का प्रतीक बनेगा, बल्कि धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से भी क्षेत्र को नई पहचान दिलाएगा।

गुरुवार को मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना, हवन और भंडारे का आयोजन कर इस अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक के साईं भक्त इस आयोजन में बड़ी संख्या में पहुंचे और बाबा के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में शामिल लोगों ने मंदिर निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया और बाबा के चरणों में अपनी भक्ति प्रकट की। इस अभियान से जुड़े लोगों का कहना है कि साईं बाबा के मंदिर और प्रतिमा का निर्माण कार्य अब रुकेगा नहीं। इसमें आम जनता से लेकर कारोबारी और समाजसेवी सभी की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। मंदिर परिसर को आकर्षक स्वरूप देने की योजना भी बनाई जा रही है, जिसमें दर्शनार्थियों की सुविधा और आध्यात्मिक अनुभव दोनों का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

## गांवों की बदहाल सडक़ों ने रोकी विकास की रफ्तार

### विद्यालय जाने में छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानी, स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित



**शहडोल।** जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत बसोहरा, ठेंगरहा एवं देवरी में सडक़ों की स्थिति अत्यंत जर्जर बनी हुई है। ग्रामीणों की मानें तो इन गांवों में आज भी आवागमन एक बड़ी चुनौती बना हुआ है, जिससे न केवल आमजन बल्कि स्कूली छात्र-छात्राओं को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत बसोहरा में लगभग 5 किलोमीटर की सडक़ की हालत इतनी खराब है कि थोड़ी सी बारिश होते ही कीचड़ और गड्ढों में रास्ता पहचानना मुश्किल हो जाता है। स्कूली बच्चों को प्रतिदिन कीचड़ से भरे रास्तों से होकर स्कूल पहुंचना पड़ता है। वहीं स्वास्थ्य सेवाएं भी इन दुर्गम मार्गों के कारण बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक नहीं पहुंच पाती, जिससे ग्रामीणों को मीलों पैदल सफर करना पड़ता है। सरपंच दशरथ सिंह मरावी ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर से लगातार मांग के बावजूद आज तक शासन स्तर पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। ब्यौहारी विधायक शरद जुगलाल कोल से भी ग्रामीणों ने आग्रह किया है कि वे क्षेत्र में आकर जमीनी हालात देखें और आवश्यक निर्माण कार्य को शीघ्र स्वीकृति दिलवाएं। ग्रामीणों का कहना है कि सडक़ संपर्कता सर्वे तो काफी पहले हो चुका है, लेकिन आज तक न टेंडर की प्रक्रिया हुई, न निर्माण कार्य प्रारंभ। इससे स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत आवश्यकताओं की उपेक्षा की जा रही है।सरपंच दशरथ सिंह मरावी ने शासन-प्रशासन से अनुरोध करते हुए कहा बरसात में बच्चों, बुजुर्गों और आमजन को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कृपया इस सडक़ की स्वीकृति कराकर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का कष्ट करें।

## महिला के ऑपरेशन के दौरान पड़ी रक्त की जरूरत

**शहडोल।** शहर की जय श्री राम रक्तदान समिति ने एक बार फिर अपनी सेवा भावना और मानवीय मूल्यों का परिचय देते हुए एक महिला की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला अस्पताल में एक महिला की सर्जरी के दौरान अचानक ए+ रक्त की आवश्यकता आन पड़ी। दुर्भाग्यवश, उस समय ब्लड बैंक में संबंधित रक्त समूह उपलब्ध नहीं था और मरीज की स्थिति तेजी से गंभीर होती जा रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जब यह जानकारी समिति तक पहुंची, तो संस्था के सक्रिय सदस्य मनीष ने बिना देर किए आगे आकर तत्काल रक्तदान किया। समय रहते रक्त मिलने से सर्जरी सफल रही और महिला की जान बच सकी। महिला के परिजनों ने समिति और रक्तदाता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य उनके लिए किसी देवदूत से कम नहीं था। समिति के सदस्यों ने बताया कि जय श्री राम रक्तदान समिति इससे पहले भी अनेकों आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराकर लोगों की जान बचा चुकी है। समिति का मूल उद्देश्य है कि रक्त के अभाव में किसी की जान न जाए। शहरवासी समिति के इस निरंतर सेवा कार्य की प्रशंसा कर रहे हैं। समिति द्वारा समय-समय पर चलाए जा रहे रक्तदान जागरूकता अभियान ने समाज में सकारात्मक सोच और सहयोग की भावना को मजबूत किया है।



## जिला चिकित्सालय शहडोल में मनाया गया ओआरएस दिवस



**शहडोल।** जिला चिकित्सालय शहडोल के शिशु रोग वार्ड में ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दस्त और उल्टी जैसी बीमारियों के समय सही उपचार के महत्व की जानकारी परिजनों तक पहुंचाया जा सके। इस आयोजन के दौरान डॉक्टरों और नर्सिंग ऑफिसर्स ने वार्ड में उपस्थित सभी मरीजों के परिजनों को ओआरएस के महत्व के बारे में जानकारी दी। बताया गया कि हर साल लाखों बच्चे दस्त के कारण अति नीर्जलीकरण का शिकार होते हैं, जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है। कार्यक्रम में डॉक्टरो ने बताया कि परिजन घर पर ही समय पर और सही तरीके से बच्चों को ओआरएस का घोल पिलाते हैं, तो इससे बच्चों की जान बचाई जा सकती है और बीमारी की गंभीरता को कम किया जा सकता है। डॉक्टरों और नर्सिंग ऑफिसर्स ने वार्ड में उपस्थित सभी मरीजों के परिजनों को ओआरएस के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग ऑफिसर ने ओआरएस घोल बनाने की विधि सभी उपस्थित परिजनों को दिखाते हुए समझाया, साथ ही लोगों को एक साथ ओआरएस घोल बनाकर उसका सही उपयोग कैसे करना है, यह भी सिखाया गया। उन्होंने कहा, दस्त में ओआरएस और जिंक ही सबसे महत्वपूर्ण उपचार होते हैं, और इनका सही उपयोग जानना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर आरएमओ डॉ. पुनीत श्रीवास्तव, डॉक्टर सुनील हथगेल और डॉ बृजेश पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## कप्तान की तत्परता से मिला न्याय: महिला थाना में शून्य पर दर्ज हुआ प्रकरण

**शहडोल।** महिला सुरक्षा को लेकर शासन की मंशा तब और प्रभावी प्रतीत होती है, जब जिम्मेदार अफसर संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करते हैं। जिले में ऐसा ही एक उदाहरण सामने आया, जब पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के निर्देश पर महिला थाना में बीएनएस की धारा 75 के तहत शून्य पर प्रकरण दर्ज किया गया। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया कि जिले में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क और प्रतिबद्ध है। दरअसल, जिले की एक महिला ने शिवेंद्र सिंह निवासी कल्याणपुर कोलारी फाटक पर व्हाट्सएप के माध्यम से अश्लील संदेश भेजने, मानसिक प्रताडऩा और ब्लैकमेलिंग जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। महिला ने अपनी शिकायत पहले महिला थाने और फिर 1090 हेल्पलाइन के माध्यम से भी दर्ज कराने की कोशिश की थी। कुछ समय तक औपचारिक प्रक्रिया में मामला रुका रहा, लेकिन जब यह प्रकरण हरिभूमि समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ, तो पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने स्वयं संज्ञान लेकर त्वरित निर्देश जारी किए। इसके फलस्वरूप महिला थाना ने बिना देरी किए आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 के अंतर्गत शून्य पर मामला कायम किया। महिला ने राहत की सांस लेते हुए बताया कि देर से ही सही, लेकिन मामला दर्ज होने से उसे न्याय की दिशा में भरोसा मिला है। उसने कहा कि पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के हस्तक्षेप से यह स्पष्ट हो गया कि पुलिस आमजन की सुरक्षा के प्रति गंभीर और सजग है।

इस कार्रवाई को लेकर जिलेभर में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली है। सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने एसपी श्रीवास्तव की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की संवेदनशील पहले महिलाओं में विश्वास और साहस दोनों बढ़ाती हैं। महिला थाना प्रभारी द्वारा प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई प्रक्रियागत रूप से की जा रही है।


महिला सुरक्षा या सरकारी तमाशा?


## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविर में की गई हीमोग्लोबिन की जांच



**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शासकीय जनजाति कन्या परिसर, डबरौआ, ब्लॉक करकेली में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं हीमोग्लोबिन की जांच कर एनीमिया का प्रबंधन किया गया। शिविर में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.ऋचा गुप्ता ने किशोरी बालिकाओं को एनीमिया के कारणों एवं बचाव से संबंधित विस्तृत जानकारी दी और एनीमिया मुक्त भारत की शपथ दिलाई। शिविर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीमों के द्वारा छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं हीमोग्लोबिन की जांच और प्रबंधन किया गया।

### पति बार-बार पत्नी से कर रहा मारपीट, कड़ी कार्यवाही की पत्नी ने की मांग



**जमुना/बदरा।** बेटी बचाओ और महिला सशक्तिकरण जैसे नारे सिर्फ दीवारों पर चमकते हैं, हकीकत में महिलाएं आज भी घर की चारदीवारी में पिट रही हैं। ऐसा ही एक शर्मनाक मामला सामने आया विनिता पांडे अपने ही पति की दरिंदगी का शिकार बन रही है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी नीरज द्विवेदी से करीब 12 वर्ष पूर्व हुई थी लेकिन तब से अब तक वह कभी पत्नी के रूप में नहीं, बल्कि एक सहने वाली औरत के रूप में ही जानी गई पति के हाथों लगातार गाली-गलौज, मारपीट और अपमान उसकी जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। पीड़िता ने पूर्व में भी रामनगर थाना में पति के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने मामला हल्के में लेकर सिर्फ समझाइश देकर समझौता करा दिया नतीजा कृ हिंसा दोबारा लौट आई। बीते 28 जुलाई सोमवार शाम 7 बजे, पति नीरज ने फिर अपना रौद्र रूप दिखाया पहले गालियां दी, फिर लातों से मारा, और जब पीड़िता खुद को बचाने लगी तो डंडा लेकर जानलेवा हमला करने दौड़ा गनीमत रही कि महिला का भांजा मौके पर मौजूद था जिसने हमलावर पति को रोका इसके बाद नीरज द्विवेदी अपनी मां, बहन और बहन के दो बच्चों को साथ लेकर घर के अंदर का दरवाजा बंद कर सीधे अपने मामा के घर भाग गया। पीड़िता ने फिर से रामनगर थाने में आवेदन दिया है, लेकिन सवाल उठता है कि क्या इस बार भी पुलिस "समझाइश" की वही पुरानी स्क्रिप्ट दोहराएगीं। अब पीड़िता ने प्रशासन से साफ मांग की है कि पति पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि उसे न्याय और सुरक्षा मिल सके वरना यह मामला भी बाकी हजारों घरेलू हिंसा के मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

### विधि विधान से हुई भोलेनाथ की पूजा



**कोतमा।** श्रावण मास के पावन अवसर पर नगर में श्रावण महोत्सव का आयोजन अत्यंत धूमधाम से किया जा रहा है। रुद्राभिषेक का आयोजन ठाकुर बाबा धाम में किया गया। सामूहिक रूप से अनेक महिलाओं एवं जोड़ों के द्वारा भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना कर रुद्राभिषेक किया गया। दूध, दही, बेलपत्र, फूल अर्पण किया। एवं पूजा अर्चना के बाद मंगल गीत भी गाए गए एवं प्रसाद का वितरण किया गया। रुद्राभिषेक करने में नगर के अलग-अलग वार्डो से पहुंची महिलाओं ने भक्ति भाव के साथ श्रावण महोत्सव मनाया।

## पार्षदों ने आयुक्त से की उच्च स्तरीय जांच की मांग

# नगर परिषद बकहो में भ्रष्टाचार की परतें खुलीं

### पार्षदों ने ठेकेदार-अधिकारियों पर साधा निशाना

**शहडोल।** नगर परिषद बकहो में भ्रष्टाचार के खिलाफ जनप्रतिनिधियों की संगठित आवाज़ अब प्रशासनिक गलियारों में गूंजने लगी है। पार्षदों ने आयुक्त नगरीय प्रशासन सहित मुख्यमंत्री को तीन अलग-अलग शिकायतें भेजकर परिषद में हाइड्रोलिक टैंक निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण और स्ट्रीट लाइट जैसे कार्यों में वित्तीय अनियमितता और मनमानी का आरोप लगाया है। जिले की नगर परिषद बकहो में विकास के नाम पर भ्रष्टाचार की एक नई कहानी सामने आई है। परिषद में जारी निर्माण और खरीदी कार्यों को लेकर पार्षदों के एक समूह ने नगर प्रशासन आयुक्त भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा नगरीय प्रशासन विभाग को तीन अलग-अलग शिकायतें भेजी हैं। इन शिकायतों में अमृत 2.0 योजना के तहत हाइड्रोलिक स्टोरेज टैंक, तालाब सौंदर्यीकरण, स्वच्छता सामग्री, वृक्षारोपण और स्ट्रीट लाइट जैसे कार्यों में करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितता और गुणवत्ता हीन कार्य करने का आरोप लगाया गया है। शिकायतों पर हस्ताक्षर करने वाले पार्षदों में रेखा महेन्द्र सिंह वार्ड 4, पूनम संतोष द्विवेदी वार्ड 11 , पूनम यादव वार्ड 6, ओम प्रकाश सोनी वार्ड 10, पिंकी सरोज यादव वार्ड 12, रेखा अयोध्या राव वार्ड 8 एवं अन्य पार्षद शामिल हैं।








### हाइड्रोलिक टैंकः बिना परीक्षण के निर्माण

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि अमृत 2.0 योजना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 और 15 में 2.5 करोड़ रुपये की लागत से हाइड्रोलिक पाइलिंग स्टोरेज टैंक का निर्माण कराया गया, लेकिन निर्माण स्थल के आस-पास स्थित ओरियंट पेपर मिल से निकलने वाला केमिकल वेस्ट क्षेत्र के जलस्त्रोतों को जहरीला बनाता है, इसके बावजूद कोई वाटर क्वालिटी टेस्ट नहीं कराया गया, जिससे इस परियोजना की उपयोगिता ही सवालों में है। ठेकेदार को वास्तविक मूल्य से अधिक मूल्यांकन कर कार्य दे दिया गया। शिकायतकर्ताओं ने इसे पूर्व नियोजित घोटाला बताया है।

### तालाब सौंदर्यीकरण में स्थल परिवर्तन

पार्षद रेखा महेन्द्र सिंह की ओर से भेजी गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अमृत योजना के तहत वार्ड 4 के भगतराम तालाब के सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना तैयार थी, लेकिन मनमाने ढंग से स्थल बदलकर वार्ड 5 में तालाब का कार्य शुरू कर दिया गया। शिकायत में कहा गया है कि वार्ड 4 के रहवासियों को योजना के लाभ से जानबूझकर वंचित किया गया।इसके साथ ही ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे कार्य की गुणवत्ता भी अत्यंत निम्न स्तर की बताई गई है। जब पार्षदों और नागरिकों ने आपत्ति दर्ज की तो ठेकेदार द्वारा उनके खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी गई। पार्षदों ने सवाल किया है कि क्या भ्रष्टाचार का विरोध करना अब अपराध बन गया है?

### अन्य गंभीर आरोप

40 लाख की लागत से वृक्षारोपण कार्य सिर्फ कागजों में किया गया, धरातल पर एक भी पौधा जीवित नहीं है। 3 करोड़ रुपये की स्ट्रीट लाइटें घटिया गुणवत्ता की लगाई गईं और वास्तविक मूल्य से कई गुना अधिक दर पर खरीदी की गईं। 3 करोड़ रुपये से अधिक की स्वच्छता सामग्री जैसे डस्टबिन, यूरिनल बॉक्स आदि क्रय किए गए, जो नगर में कहीं भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। 30 लाख की लागत से पार्क निर्माण मनमानी जगह पर झाड़ीदार जमीन में करा दिया गया, जो कि आमजनमानस के उपयोग में नहीं आ रहा। 53 लाख का तालाब गहरीकरण कार्य, जो वार्ड क्रमांक 4 में स्वीकृत था, उसे नियमों की अनदेखी करते हुए वार्ड 5 और 6 के मध्य गोफ क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया।

### पारदर्शिता की हत्या

पार्षदों का आरोप है कि नगर परिषद बकहो में नियमित पार्षद बैठकें नहीं करवाई जातीं और सभी निर्णय मनमानी तरीके से लिए जाते हैं। उनके विरोध को दबाने का प्रयास होता है। शिकायत में स्पष्ट कहा गया है कि यदि शीघ्र स्वतंत्र और उच्च स्तरीय जांच नहीं कराई गई, तो नगर परिषद में शासन द्वारा भेजे जा रहे फंड का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार इसी तरह चलता रहेगा। हालांकि नगर परिषद बकहो के इन जनप्रतिनिधियों ने अपने हस्ताक्षरित पत्रों से यह स्पष्ट कर दिया है कि अब वह चुप बैठने वाले नहीं हैं। उनके अनुसार यह सिर्फ नगर परिषद की नहीं बल्कि शासन की साख का सवाल है।

## एसडीएम बांधवगढ़ ने किया संयुक्त कलेक्ट्रेट का निरीक्षण

### साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के दिए निर्देश



**उमरिया।** अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ़ कमलेश नीरज ने संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित शाखाओं का आंतरिक एवं बाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा, महिला बाल विकास विभाग, जिला परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण, कंट्रोल रूम, लोक सेवा गारंटी, उद्यानिकी विभाग, सर्व शिक्षा अभियान,भू अभिलेख शाखा, जिला योजना सांख्यिकी विभाग सहित अन्य कार्यालयों का अवलोकन किया । निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में साफ सफाई का वातावरण रखें ,चूंकि यहां पर समस्त जिले से हितग्राही अपना कार्य कराने आते है । गंदगी रहने पर विभिन्न प्रकार की बीमारियां उत्पन्न होती है, जिसका शिकार हम सभी हो सकते है।इसलिये आवश्यक है कि कार्यालय के अंदर एवं बाहर साफ सफाई व्यवस्था बनाये रखे । उन्होने निर्देश दिए कि संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में जगह जगह पर धूम्रपान निषेध संबंधी स्टीकर चस्पा किया जाएगा तथा उसका पालन कराया जाएगा ताकि कलेक्ट्रेट परिसर पर गंदगी नही फैलने पाए। इसके साथ ही कार्यालयीन कर्मचारियों के अलावा अन्य बाहर का व्यक्ति गुटखा खाकर थूकते पाया जाता है तो उसके खिलाफ जुर्मानें की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए ।

## हनुमान मंदिर में तीन दिनों तक बही ज्ञान भक्ति की बयार



**हरिभूमि न्यूजकोतमा।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 गोविंदा कालोनी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में तीन दिनों तक चले श्रीमद् भागवत कथा पुराण के दौरान महिलाए एवं भक्त भक्ति से सराबोर रहे। बाल व्यास किशोरी उन्नति मिश्रा ने कहा मनुष्य जीवन का उद्देश्य ही प्रभु से नाता जोड़ना है। सावन के महीने में भगवान शिव की कृपा भक्तों पर होती है। यह मानव जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है। भोलेनाथ एक बेलपत्र और एक लोटा जल चढ़ाने से प्रसन्न हो जाते हैं। लेकिन भक्ति भावनात्मक एवं आस्था पूर्वक होनी चाहिए। 3 दिनों तक चले श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आसपास सहित दूर-दूराज से श्रद्धालु एवं महिलाओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना कर भागवत कथा का रसपान किया एवं कथा को सुनकर अपने अंदर आत्मसात किया। सावन पर्व के दौरान हुई कथा को लेकर शाम से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। कथा समापन के बाद आरती उपरांत भंडारे का प्रसाद वितरण हुआ जिसे हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। धार्मिक कार्य को लेकर वार्ड वासी एवं भक्तों ने बढ़चढकर सहयोग किया। महिला मंडली द्वारा भजन कीर्तन के साथ पूजा अर्चना भी किया। कार्यक्रम में नीरज मिश्रा, अरुण त्रिपाठी, अर्पण सिंह, सहित बच्चे महिलाएं अन्य लोग शामिल रहे।

## कल होगा संपूर्णता अभियान सम्मान एवं आकांक्षा हाट का हुआ शुभारंभ

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट का शुभारंभ 2 अगस्त को प्रातः 11 बजे से स्टेडियम जनपद पंचायत मानपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है । संपूर्ण कार्यक्रम के सफल संचालन,आवश्यक व्यवस्थाओं व समस्त गतिविधियों के निष्पादन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं । जिन अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है उनमे संपूर्ण कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी मानपुर, कार्यक्रम के दौरान निर्बाध रूप से विद्युत प्रवाह के लिए कार्यपालन अभियंता मप्रविविकलि, मंच संचालन के लिए सुशील मिश्रा जिला एवं प्रशिक्षण संस्था, कार्यक्रम स्थल मे शुभारंभ हेतु दीप प्रज्ज्वलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, साफ सफाई , पेयजल व कार्यक्रम का प्रचार प्रसार कचरा गाड़ी से करने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी मानपुर, कार्यक्रम स्थल बैनर, पोस्टर व्यवस्थित ढंग से लगवाने हेतु कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा, अधिकारी कर्मचारी एवं फ्रंट लाईन वर्करो को प्रमाण पत्र वितरण हेतु मंच पर भेजने हेतु जन अभियान परिषद, कार्यक्रम के आयोजन पूर्व प्रेस विज्ञप्ति , मीडिया ब्रीफिंग एवं प्रचार प्रसार सामग्री तैयार करनें , आकांक्षा हाट की गतिविधियों की फोटो, वीडियो कवरेज, सोशल मीडिया पोस्टिंग एवं न्यूज अपडेट करने के लिए जनसंपर्क अधिकारी, विभागों से समन्वय स्थापित कर स्टॉल लगाने के लिए उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, स्व सहायता समूहों के स्टॉल लगाने के लिए एन आर एल एम, स्व सहायता समूहो के स्टॉल लगाने के लिए सईद मंसूरी सिटी मिशन मैनेजर, स्थानीय जनप्रतिनिधियो के आमंत्रण पत्र वितरण कराने, मंच आंगुतको,अतिथियों के स्वागत एवं बैठक व्यवस्था के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर को दायित्व सौंपा गया है । उन्होने कहा है कि सौंपे गए दायित्वों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करेंगे ।कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट का शुभारंभ 2 अगस्त को प्रातः 11 बजे से स्टेडियम जनपद पंचायत में किया गया है । कार्यक्रम में विभाग प्रमुख केके पांडेय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं से समन्वय कर प्रदर्शनी, स्टॉल लगाना सुनिश्चित करेंगे । शुभारंभ अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग एवं जल निगम विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, जन जातीय कार्य विभाग, वन विभाग, आजीविका मिशन समूहो व्दारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी कृषि विभाग गो कास्ट उत्पाद , नगरीय प्रशासन एवं आवास विकास विभाग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग व्दारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी ।

## रक्तदान शिविर में हुआ 36 यूनिट रक्तदान

### दिशा वेलफेयर और सांझी रसोई ने किया रक्तदाताओं का सम्मान




**शहडोल।** जिला रक्तकोष की टीम की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जयसिंहनगर विकास मंच के तत्वाधान मे बुधवार को रक्तदान शिविर के माध्यम से 36 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर मे आयोजित रक्तदान शिविर मे रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं का दिशा वेलफेयर एवं सांझी रसोई शहडोल की टीम के द्वारा शील्ड भेंटकर सम्मान किया गया साथ ही आयोजन समिति एवं सभी रक्तदाताओं को शहडोल मे आगामी 15 अगस्त को होने वाले मेगा रक्तदान शिविर मे शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया।

रक्तदान शिविर मे निरंतर रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं के साथ नए युवाओं ने शिविर मे पहली बार रक्तदान किया रक्तदाताओं मे पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रवीण ताम्रकार, आदित्य गुप्ता, अंकित उपाध्याय, राहुल ताम्रकार, हिमांशु गुप्ता, कुमारी शिवानी गुप्ता, शुभम गुप्ता, पीयूष उपाध्याय, रामजी सोनी, राम सुयश मिश्रा, देवेंद्र गुप्ता, राजेश सेन, एएसआई प्रमोद कुमार अहिरवार, दीपक कुमार यादव, अमन गुप्ता, अरविन्द चतुर्वेदी, वेद प्रकाश द्विवेदी, शुभम शुक्ला, अजय कुमार गुप्ता, आयुष पाण्डेय, नीरज तिवारी, अभिषेक शुक्ला, सीतेंद्र पयासी, विनोद कुमार मिश्रा, अंकित गुप्ता, राम राज तिवारी, अंबर राज गुप्ता, संस्कार प्रधान, ऋतिक दुबे, राजीव गौतम, कपिल तिवारी, आशीष केशरी, अभिषेक कुमार द्विवेदी, विनय कुमार शुक्ला, उमंग केशरवानी ने रक्तदान किया।

### थैलेसिमिया और सिकल सेल से पीड़ित बच्चों के लिए हुआ रक्तदान

जयसिंहनगर मे आयोजित रक्तदान शिविर के आयोजन करता जयसिंहनगर विकास मंच के कार्यकर्ता प्रवीण ताम्रकार ने बताया कि वर्तमान मे रक्तकोष मे रक्त की कमी के कारण कई बार कई विषम परिस्थितिया निर्मित होती है, ज़ब समय पर रक्त ना मिल पाने के कारण जरूरत मंद को समस्या का सामना पड़ता है, जिला रक्तकोष द्वारा गर्भवती महिलाओ, थैलेसिमिया और सिकल सेल के मरीजों को भी निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाता है। इस समय पर जिले मे थैलेसिमिया के 45 एवं सिकल सेल के 450 के लगभग मरीज रजिस्टर्ड है, जिन्हें जरूरत के हिसाब से 15 से 20 दिन के अंतराल पर रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे मे रक्त की कमी से ऐसे पीड़ित बच्चो के जीवन की कल्पना करना मुश्किल है, जयसिंहनगर मे हम पिछले कुछ वर्षो से लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्त संग्रहण कर ऐसे बच्चों के जीवन के लिए प्रयास कर रहे है और आगे भी हमारा यह प्रयास आने वाले समय पर जारी रहेगा। रक्तदान शिविर के आयोजन मे दिशा वेलफेयर फाउंडेशन से रुपाली सिंघई, जिला रक्त कोष शहडोल से डॉ. समीम अहमद, श्यामला राव, गोपी वर्मा, हीरालाल प्रजापति, राजकुमार सिंह एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर के कर्मचारियों का योगदान मिला।

## तीन शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई



**उमरिया।** जिला पुलिस बल उमरिया में सेवा दे रहे तीन शासकीय सेवक - सउनि वंशरूप सेन, सउनि पुष्पराज सिंह एवं सउनि दिनेश अग्निहोत्री ने 31 जुलाई को अपनी सेवाकाल पूर्ण कर गरिमामयी ढंग से सेवानिवृत्ति ग्रहण की। इस अवसर पर पुलिस विभाग की ओर से पुलिस कंट्रोल रूम उमरिया में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू एवं अति. पुलिस अधीक्षक सीताराम ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों को स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल भेंट कर उनके योगदान के प्रति सम्मान प्रकट किया। उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने उन्हें सेवाकाल पूर्ण करने की बधाई देते हुए अच्छे स्वास्थ्य और सुखद जीवन की कामना की।इस भावुक अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी - अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) उमरिया, प्रभारी रक्षित निरीक्षक उमरिया, थाना प्रभारी मानपुर एवं थाना प्रभारी नौरोजाबाद सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों के परिजन भी मौजूद रहे।समारोह में वक्ताओं ने तीनों सेवानिवृत्त अधिकारियों के अनुकरणीय कार्यों, कर्तव्यपरायणता व अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सेवाएं आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगी।

## स्वामी सुकदेवानंद महाराज की 7वीं पुण्यतिथि पर हुए धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पावन नगरी अमरकंटक स्थित श्री यंत्र महामेरू मंदिर एवं बटे कृष्णा आश्रम में परम पूज्य संत ब्रह्मलीन स्वामी सुकदेवानंद जी महाराज की सातवीं पुण्यतिथि श्रावण शुक्ल सप्तमी के पावन अवसर पर परंपरागत विधि-विधान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराज श्री की समाधि पूजन-अर्चन से हुआ, इसके बाद उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम साधु-संत, कन्याओं एवं ब्राह्मणों को भंडारा प्रसादी कराई गई, तत्पश्चात नगरवासियों और आगंतुक श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आश्रम के प्रमुख संत स्वामी शरद पुरी जी महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी सुकदेवानंद जी महाराज का व्यक्तित्व और कृतित्व अद्वितीय रहा है। वे आयुर्वेद, पुराण एवं ज्योतिष शास्त्र के प्रकांड विद्वान थे। उन्होंने बताया कि श्री यंत्र मंदिर का शेष निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कर माता जी की प्रतिमा विराजित कर 2026 में भव्य रूप से उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे अन्य स्थानों के मंदिर और आश्रम के कार्यों में व्यस्त होने के कारण अमरकंटक आश्रम में समय नहीं दे पाए, परंतु अब यहां के शेष कार्यों को पूरा कर धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों को पुनः प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर मार्कंडेय आश्रम के प्रमुख आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी रामकृष्णानंद जी महाराज भी उपस्थित रहे और उन्होंने धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों को लेकर अपने सुझाव दिए।



## नगर परिषद अध्यक्ष व कर्मचारियों ने किया श्रमदान



**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** बरसात के मौसम में शासकीय भवनों तक पहुंचने वाली सड़क कीचड़ और जलभराव के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबक बन चुकी थी। आम नागरिकों और खासतौर पर स्कूल एवं कॉलेज के छात्र, छात्राओं को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसी स्थिति में नगर परिषद राजनगर के अध्यक्ष यशवंत सिंह ने स्वयं आगे बढ़कर अनुकरणीय पहल की। यशवंत सिंह के नेतृत्व में नगर परिषद के कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने वार्ड क्रमांक 15 में स्थित शासकीय महाविद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, छात्रावास एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय तक पहुंचने वाली मुख्य सड़क पर मुरूम, गिट्टी एवं मिट्टी डालकर उसे समतल किया। यह कार्य पूर्ण रूप से श्रमदान के माध्यम से किया गया। जिसमें सभी ने स्वेच्छा से भागीदारी निभाई। नगर अध्यक्ष स्वयं फावड़ा और गैंती लेकर श्रमिकों की तरह श्रमदान करते नजर आए। उन्होंने बताया कि बरसात के चलते सड़क पर कीचड़ की मोटी परत जम गई थी। जिससे छात्र छात्राएं, मरीज और आमजन काफी असहज स्थिति में थे। सड़क के अभाव में न तो ऐंबुलेंस आसानी से पहुंच पा रही थी और न ही छात्र सुरक्षित रूप से विद्यालय तक पहुंच पा रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क के स्थायी निर्माण के लिए संबंधित उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा जा चुका है, और बरसात समाप्त होते ही पक्की सड़क के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस जनहितैषी पहल की स्थानीय नागरिकों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से इस सड़क की दुर्दशा को लेकर आवाज उठाई जा रही थी, लेकिन पहली बार किसी जनप्रतिनिधि ने स्वयं श्रमदान कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। एक दिवसीय श्रमदान में नगर परिषद के अध्यक्ष यशवंत सिंह वार्ड नंबर 12 के पार्षद समय लाल पटेल वार्ड नंबर 9 के पार्षद मनोज चंदेल लेखापाल राजेश मिश्रा, भाजपा नेता संतोष जायसवाल व नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा की सहभागिता रही।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला शहडोल (म. प्र.)**
प्रकरण क्रमांक/ 0149/ब-121/विवाह पंजीयन/2025/
शहडोल, दिनांक :- 29/07/2025

**सार्वजनिक ईश्तहार**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक महिपाल पटेल पिता मोलेराम पटेल निवासी मकान नं. 133 नौगवा करकटी तहसील बुढार जिला शहडोल (म. प्र. ) एव आवेदिका पुष्पलता पटेल पत्नी महिपाल पटेल निवासी मकान नं. 133 नौगवा करकटी तहसील बुढार जिला शहडोल (म.प्र.) के द्वारा इस न्यायालय में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 15 के प्रावधानों के अधीन विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

इस विवाह के संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो, वे दिनांक 30/08/2025 को स्वतः या अधिवक्ता के मार्फत न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

**अपर कलेक्टर विवाह अधिकारी**
**जिला शहडोल (म.प्र.)**

## खबर संक्षेप

### तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के मध्य हुआ कार्यक्षेत्र विभाजन

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर विकासखंड कटनी के अंतर्गत पदस्थ तहसीलदार, नायब तहसीलदार, प्रभारी नायब तहसीलदार को क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकियों से प्राप्त इश्तगासा, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 126, 135 में अग्रिम कार्यवाही एवं निराकरण किये जाने हेतु तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के मध्य पुलिस थाना एवं थाना अंतर्गत पुलिस चौकी का कार्य विभाजन कर आदेश जारी किये गये हैं। एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी द्वारा जारी आदेश के अनुसार कटनी नगर के प्रभारी तहसीलदार आशीष अग्रवाल कोतवाली कटनी, रंगनाथनगर, जी.आर.पी. थाना, महिला थाना एवं कुठला थाना का दायित्व दिया गया है। इसी प्रकार तहसील कटनी ग्रामीण के नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह को माधवनगर, एन. के. जे. थाना तथा झिंझरी एवं निवार पुलिस चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं तहसील रीठी के प्रभारी नायब तहसीलदार खगेश भलावी पुलिस थाना रीठी एवं बिलहरी तथा सलैया चौकी तहसील बड़वारा के नायब तहसीलदार ऋषि गौतम को थाना की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### 'नशे से दूरी है जरुरी' थीम पर हुआ नुक्कड़ नाटक

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में छात्राओं के द्वारा 'नशे से दूरी है जरुरी' थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात द्वारा समाज में व्याप्त अनेक प्रकार के नशे के बारे में चर्चा की गई। तत्पश्चात सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी द्वारा आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। वहीं आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार ने नशे से होने वाले दुष्परिणाम से अवगत कराया एवं सभी को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन रीना मिश्रा एवं सौरभ मसीह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं आबकारी विभाग से के. के. पटेल एवं मनोज पाठक, रामेन्द्र मणि त्रिपाठी, सतीश द्विवेदी, कमलेश की उपस्थिति रही।

### कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण

कटनी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने प्राथमिक कृषि साख समिति बहोरीबंद के सरस्वती वेयरहाउस नीमखेड़ा पहुंचकर समर्थन मूल्य पर मूंग व उड़द उपार्जन कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद सहायक प्रबंधक लक्ष्मी पटेल को ताकीद किया कि किसानों से फेयर एवरेज क्वालिटी का मूंग व उड़द तय मानकों के अनुरूप क्रय किया जाये। बताया गया कि यहां अब तक 2 हजार 381 क्विंटल मूंग और 576 क्विंटल उड़द की खरीदी की जा चुकी है। कलेक्टर ने यहां बिक्री कर चुके किसानों का भुगतान सुनिश्चित कराने की भी हिदायत दी।

### ट्रेक्टर में शव ले जाने पर नोटिस, माँगा स्पष्टीकरण

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे ने सोशल मीडिया में वायरल नगर निगम के ट्रेक्टर वाहन में सफाई मित्रों से किसी लावारिस व्यक्ति का शव जिला चिकित्सालय से उठाने के वीडियो को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक तेजभान सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस में स्पष्टीकरण माँगा है। जारी कारण बताओ सूचना पत्र में लेख किया गया है कि नगर में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा निःशुल्क शव वाहन उपलब्ध कराये जाते है, यह जानकारी होने के बाद भी संबंधित संस्थाओं से संपर्क ना करते हुए शव वाहन के उपयोग का प्रयास नहीं किया गया और ना ही समस्या से अवगत कराते हुए जानकारी संज्ञान में लाई गई। यह कृत्य सौंपे हुए दायित्वों के प्रति गैर जिम्मेदारी, उदासीनता और अमानवीयता को दर्शाता है। जिसको संज्ञान में लेते हुए श्री दुबे ने संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी एवं क्षेत्रीय स्वच्छता प्रभारी को नोटिस जारी किया कर 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

# निरीक्षण तंत्र पर उठे सवाल

# पीएम श्री कन्या विद्यालय में मध्यान्ह भोजन में कीड़े

हरिभूमि न्यूज, धनपुरी।

**नगर के हृदय स्थल पर संचालित सात दशक पुराने पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक कुल 109 छात्राएं अध्ययनरत हैं**






कक्षा 6 में 21, कक्षा 7 में 43 और कक्षा 8 में 45।प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 जुलाई को विद्यालय में दाल-चावल और छोले का मध्यान्ह भोजन तैयार किया गया था। भोजन वितरण के दौरान बच्चों ने शिकायत की कि उनके भोजन में कीड़े हैं। बच्चों ने खाना खाने से इनकार कर दिया और यह बात विद्यालय की प्रधानाध्यापिका को दिखाई। हेडमास्टर द्वारा पूछे जाने पर छात्राओं ने स्पष्ट रूप से कीड़े दिखाए। इस पर हेडमास्टर ने भोजन तैयार करने वाली महिला रसोइया को कड़ी फटकार लगाई।छात्राओं ने यह भी बताया कि यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी कई बार भोजन में कीड़े निकल चुके हैं। सवाल यह उठता है कि हर दिन बनने वाले भोजन की गुणवत्ता जांचने की जिम्मेदारी किसकी है? विद्यालय में प्रतिदिन मध्यान्ह भोजन बनने के बाद उसकी जांच (फूड इंस्पेक्शन) का प्रावधान है, लेकिन इस मामले में निरीक्षण की प्रक्रिया पूरी तरह लापरवाह साबित हुई।सूत्रों के अनुसार भोजन तैयार होने के बाद उसकी गुणवत्ता की जांच विद्यालय स्टाफ, विशेषकर प्रधानाध्यापक या नामित शिक्षक द्वारा की जानी चाहिए, परंतु इस मामले में या तो जांच नहीं हुई या फिर केवल औपचारिकता निभाई गई। ऐसी लापरवाही से बच्चों का स्वास्थ्य गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है।स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि दूषित भोजन से फूड पॉइजनिंग, पेट संबंधी बीमारियां और संक्रमण जैसी समस्याएं हो सकती हैं। विद्यालय में मध्यान्ह भोजन स्कूल परिसर में ही तैयार किया जाता है, ऐसे में पूरी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की बनती है कि भोजन तैयार करने से पहले खाद्य सामग्री की सफाई, रसोई की स्वच्छता और वितरण से पहले उसकी गुणवत्ता का पूरी तरह निरीक्षण हो।स्थानीय अभिभावकों ने घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि बच्चों के भोजन में कीड़े मिलना बेहद शर्मनाक है। प्रशासन को तत्काल जांच कर जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों और बच्चों को सुरक्षित व पोषक आहार मिल सके।

# शहडोल-नागपुर ट्रेन को अनूपपुर तक बढ़ाने की मांग तेज







**प्रतिनिधिमंडल जल्द पहुंचेगा दिल्ली पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हंसराज तंवर ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन, कहा— 15 से 30 दिन में निर्णय नहीं हुआ तो समिति के साथ दिल्ली जाऊंगा**

धनपुरी।

नगर पालिका धनपुरी के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता हंसराज तंवर ने हाल ही में केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को ज्ञापन सौंपकर शहडोल से चलने वाली ट्रेन को अनूपपुर तक बढ़ाने की मांग की है। यह ज्ञापन तंवर को आंदोलन समिति के सदस्य रोहिणी प्रसाद गर्ग ने सौंपा था।हंसराज तंवर ने बताया कि 15 जुलाई को केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, उनकी चाची के स्वर्गवास पर श्रद्धांजलि देने बीकानेर (राजस्थान) स्थित उनके पैतृक नगर गंगाशहर पहुंचे थे। उसी अवसर पर हंसराज तंवर भी वहाँ पहुँचे थे और मुलाकात के दौरान उन्हें शहडोल-नागपुर ट्रेन को अनूपपुर तक विस्तारित करने संबंधी ज्ञापन सौंपा।तंवर ने बताया कि वर्तमान में यह ट्रेन नागपुर से सुबह 4 बजे चलकर शहडोल तक जाती है। यदि इसे अनूपपुर तक बढ़ाया जाए, तो बुढार की ओर जाने वाले यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और रास्ते के स्टेशनों पर स्टॉपेज भी संभव हो सकेंगे, जिससे आम लोगों को बड़ा लाभ होगा।उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2016 में जब अर्जुनराम मेघवाल वित्त राज्य मंत्री थे, तब वे दिल्ली जाकर उनसे बरोनी-गोंदिया ट्रेन को लेकर भी ज्ञापन दे चुके हैं, जिस पर मंत्री ने सकारात्मक कार्यवाही की थी।इस बार भी मंत्री मेघवाल ने आश्वस्त किया है कि वे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से स्वयं इस विषय में चर्चा करेंगे। हंसराज तंवर ने कहा कि यदि 15 से 30 दिन के भीतर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो वे आंदोलन समिति के सदस्यों को साथ लेकर दिल्ली जाएंगे और रेल मंत्री से प्रत्यक्ष मुलाकात कर इस मुद्दे को उठाएंगे।उन्होंने यह भी जोड़ा कि उनका मंत्री मेघवाल से पारिवारिक और आत्मीय संबंध है, इसलिए उन्हें पूरी उम्मीद है कि यह मांग शीघ्र पूरी होगी। अगर ऐसा नहीं होता है तो जनहित में आंदोलन की राह अपनाई जाएगी।

### अप-डाउन की प्रथा से कामकाज हो रहे प्रभावित, आम जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ढीमरखेड़ा

समय बदला, तारीख बदली, सियासत बदली और नौकरशाह भी बदले, लेकिन नहीं बदली तो ढीमरखेड़ा मुख्यालय के सरकारी दफ्तरों की तस्वीर। जहां अप-डाउन संस्कृति हावी है। बताया गया कि जनपद पंचायत के मुखिया स्वयं शाम ढलते ही मुख्यालय छोड़कर गायब हो जाते हैं। ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी कटनी, जबलपुर सहित अन्य शहरों से अप-डाउन कर अप-डाउन संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं। जिसके चलते लोगों के विभाग से संबंधित कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। यहां बारह बजे तक अधिकारी कर्मचारी कार्यालय पहुंचते हैं और तीन बजते ही घर वापसी की तैयारी में लग जाते हैं। सवाल करने पर एक ही जवाब होता है कि फील्ड पर थे। ग्रामीणों की मानें तो ढीमरखेड़ा के जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ सीईओ ने तो एक लंबा समय गुजर जाने के बाद भी सेवा स्थल ढीमरखेड़ा को आज तक मुख्यालय नहीं बनाया है।

# नवजात शिशुओं को छह माह तक सिर्फ पिलाएं माँ का दूध: सीएमएचओ

**1 से 7 अगस्त तक मनाया जाएगा विश्व स्तनपान सप्ताह**

शहडोल।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि प्रत्येक वर्ष की भॉति इस वर्ष भी 1 अगस्त से 7 अगस्त 2025 तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह का नवजात शिशुओं के पोषण, स्वास्थ्य और विकास में स्तनपान के महत्व को लेकर जन-जागरूकता का प्रचार-प्रसार करना, नवजात शिशुओ को 6 माह तक सिर्फ मॉ का दूध पिलाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि नवजात शिशुओ के लिए मॉ का दूध अमृत के समान होता है। जन्म के पहले घंटे में शिशु को स्तनपान कराना और छह माह तक केवल माँ का दूध देना शिशु के लिए अत्यंत लाभकारी होता है, मॉ के दूध से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं और माताओं को स्तनपान के लिए प्रेरित करें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जिले के स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को निर्देश दिए है कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, ऑगनवाड़ी व अन्य संस्थाओ में विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत जन संवाद, परामर्श कार्यक्रम जैसी अन्य गतिविधियां आयोजित करें, माताओं को स्तनपान के लाभ, स्तनपान करानें के सही तरीकों और समयावधि के बारे में जानकारी दी जाए।

# भालूमाड़ा हाई स्कूल को मिली पीएम श्री की सौगात जन समुदाय में जागी उम्मीद की नई किरण




**हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।** प्रधानमंत्री स्कूल विकास योजना के अंतर्गत जिले के भालूमाड़ा हाई स्कूल को 'पीएम श्री स्कूल' के रूप में स्वीकृति मिल गई है, जिसकी विधिवत शुरुआत वर्तमान शैक्षणिक सत्र से होगी। इस निर्णय से क्षेत्र के विद्यार्थियों, अभिभावकों रहवासियों व शिक्षकों में उत्साह की लहर दौड़ गई है। जिले के वरिष्ठ पत्रकार कैलाश पांडे के अनुसार शिक्षा के क्षेत्र में यह उपलब्धि एक सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है, जिससे न केवल स्थानीय छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलेगा, बल्कि क्षेत्र की शैक्षणिक छवि भी सशक्त होगी। साथ ही भालूमाड़ा मिडिल स्कूल को हाई स्कूल में उन्नत करने की दिशा में श्रमजीवी पत्रकार परिषद संगठन के संभागीय संरक्षक मंडल अध्यक्ष कैलाश पाण्डेय द्वारा किए गए लगातार प्रयास, प्रशासनिक अनुशंसा एवं सामुदायिक समर्थन ने इस उपलब्धि को संभव बनाया। यह हम नहीं जिला शिक्षा कार्यालय में पदस्थ रमसा देवेश सिंह बघेल ने अनौपचारिक चर्चा में जानकारी देते हुए कहा कि कैलाश पाण्डेय के प्रयास से यह हाई स्कूल हुई है, और हमें बहुत खुशी है कि एक पत्रकार के जनहित और शिक्षा के लिए जागरूक होने पर यह सौगात मिली है, जिसे हाई स्कूल भालूमाड़ा होने में तीन साल लग गए थे। लेकिन पांडे के सतत प्रयास तथा समय-समय पर विभिन्न स्तरों पर पत्राचार, जनसमर्थन एवं शासन से संवाद स्थापित किए जाने के परिणामस्वरूप पहले हाई स्कूल और अब पीएम श्री स्कूल के रूप में मान्यता प्राप्त हुई।

**प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की भूमिका-** इस निर्णय में कोल विकास प्राधिकरण के कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल रौतेल की केंद्रीय भूमिका रही, जिन्होंने शासन-प्रशासन से लगातार पत्राचार एवं संवाद कर यह स्वीकृति सुनिश्चित कराई।साथ ही, अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो द्वारा भी समन्वित प्रयास कर प्रस्ताव की अनुशंसा की गई। पीएम श्री के रूप में अब विद्यालय में निम्नलिखित नवाचार और व्यवस्थाएं क्रियान्वित की जाएंगी जैसे स्मार्ट क्लासरूम एवं डिजिटल लर्निंग राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बहुआयामी मूल्यांकन प्रणाली कौशल आधारित शिक्षा का समावेश विज्ञान, गणित एवं भाषा प्रयोगशालाओं का विकास हरित एवं समावेशी शिक्षण वातावरण इत्यादि। यह विद्यालय अब भालूमाड़ा क्षेत्र के गरीब, वंचित व आदिवासी परिवारों के बच्चों के लिए एक शैक्षणिक वरदान बनकर उभरेगा। इससे न केवल विद्यार्थियों का पलायन रुकेगा बल्कि भविष्य में यह स्कूल पूरे जिले के लिए मॉडल शैक्षणिक संस्थान का स्वरूप ग्रहण करेगा।

# सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण परीक्षा संपन्न

उमरिया।



भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा मध्य प्रदेश शासन ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से जिले के विकासखंड पाली के ग्राम पंचायत बरहाई में 35 स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए संस्था द्वारा सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन का 12 दिवसीय प्रशिक्षण संस्था की संचालक तरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में दिया गया।

प्रशिक्षण पश्चात ओम प्रकाश चतुर्वेदी परीक्षा नियंत्रक एवं प्रमाणीकरण भारत सरकार ब्रांच भोपाल के मार्गदर्शन में सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी से संबंधित परीक्षा परीक्षक रामसुख दुबे कटनी एवं बैंक से संबंधित परीक्षा परीक्षक सत्यम सिंह अनूपपुर द्वारा लिखित मौखिक एवं प्रैक्टिकल परीक्षा ली गई।

परीक्षा में नर्सरी प्रबंधन विभिन्न सब्जियों के बीजों एवं किस्म की जानकारी विभिन्न सब्जियों की कृषि कार्य शाला, सब्जियों में लगने वाले विभिन्न रोग एवं कीट तथा उनके नियंत्रण की जानकारी पोषक तत्व एवं मिट्टी परीक्षण जैविक खाद एवं कीटनाशक प्लास्टिक मल्चिंग, सिंचाई प्रबंधन, ड्रिप सिंचाई,पाली हाउस सब्जी उत्पादन से लाभ सब्जियों के प्रकार एवं पोषण वाटिका एवं उद्यमशील व्यक्तियों की विशेषताएं, बैंकों में विभिन्न प्रकार के खाते तथा बैंकिंग से संबंधित विषयों का मूल्यांकन किया गया ।

प्रशिक्षण जनक नंदिनी द्विवेदी ने दिया। परीक्षा संपन्न कराने में संस्था के कर्मचारी आर.बी.जयसवाल, आशीष पटेल,जगत राठौर एवं सोम कुमार तथा पंचायत सचिव एवं सरपंच बरहाई आदि ने सहयोग किया। शासन द्वारा कृषि को लाभ का धंधा बनाने एवं ग्राम में ही कम लागत की तकनीकी अपना कर जैविक खाद एवं कीटनाशक दवाइयों को बनाकर सब्जियों में उपयोग करके स्वरोजगार स्थापित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिससे कृषकों की बाजार पर निर्भरता कम हो।

# महापौर ने विकास कार्यो का किया औचक निरीक्षण, गुणवत्ता का ध्यान रखने हिदायत

हरिभूमि न्यूज कटनी



नगर के छात्रों को यूपीएससी, एमपीपीएससी, रेल्वे , बैंकिंग सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी प्रारंभ करने के उद्देश्य से नगर निगम के केसीएस स्कूल में संचालित होने वाली भारत निर्माण कोचिंग में सुविधाजनक माहौल के बीच पठन-पाठन की सुविधा मुहैया कराने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर 25 लाख रुपये की लागत से सुविधाओं के विस्तार का कार्य कराया जा रहा है। उक्त विकास कार्यो का महापौर द्वारा औचक निरीक्षण किया जाकर क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को गुणवत्ता के साथ विकास कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। महापौर द्वारा निरीक्षण के दौरान स्थल पर चल रहे सीढ़ियों की मरम्मत, हॉल के टाइल्स फ्लोरिंग कार्य, सीलिंग एवं

**जन अभियान परिषद द्वारा निकाली गई नवांकुर सखी हरियाली यात्रा**

# बीजों का संरक्षण कर पौधे तैयार करेंगी महिलाएं, विशेष अवसरों करेंगे रोपण

हरिभूमि न्यूज स्लीमनाबाद



मप्र जन अभियान परिषद ने 'नवांकुर योजना' के अंतर्गत पंजीकृत नवांकुर सखी के माध्यम से 'नवांकुर सखी एवं हरियाली यात्रा' का सफल आयोजन किया गया। 24 जुलाई से बहोरीबंद विकासखंड मे शुरू की गई हरियाली यात्रा का समापन मंगलवार को ग्राम पंचायत अमोच मे हुआ!इससे पहले ग्राम पटना मढ़िया मे यात्रा निकाली गई!जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा शामिल हुई। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों, महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस दौरान विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह,सरपंच नरेश दहायत, उपसरपंच जेटू लाल हल्दकार, सचिव प्रकाश यादव, पटवारी श्वेता तिवारी, रोजगार सहायक दिनेश पांडेय, परामर्श दाता अवधेश बैरागी, धनीराम लोधी ने सक्रिय सहभागिता की। आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की।

## खबर संक्षेप

### ई-ऑफिस प्रणाली में प्रदेश में प्रथम स्थान पर अनूपपुर जिला



अनूपपुर। ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अनूपपुर जिले ने ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उल्लेखनीय सफलता कलेक्टर हर्षल पंचोली के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संभव हो सकी है। ई-ऑफिस प्रणाली के तहत शासकीय कार्यों में पारदर्शिता, गति और दक्षता आई है। अनूपपुर जिले में इस प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करते हुए फाइलों के इलेक्ट्रॉनिक संधारण, ट्रैकिंग और शीघ्र निपटारे को सुनिश्चित किया गया है। इससे न केवल कागजों की खपत में कमी आई है, बल्कि समय की भी बचत हुई है। कलेक्टर श्री पंचोली द्वारा निरंतर समीक्षा और अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की गई, जिससे जिले में ई-ऑफिस प्रणाली का सुचारू संचालन सुनिश्चित हुआ। इस उपलब्धि से जिले की प्रशासनिक कार्यप्रणाली में तकनीकी नवाचार की एक नई मिसाल कायम हुई है। प्रदेश स्तर पर अनूपपुर जिले को मिला यह प्रथम स्थान जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सुश्री रानी गलकाटे एवं उनकी टीम व जिले के सभी शासकीय कार्यालयों की पूरी टीम के परिश्रम का प्रतिफल है।

### भगवा पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने अंशु मिश्रा



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। भगवा पार्टी के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता अंशू मिश्रा को युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अनूपपुर के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर क्षेत्रभर से शुभकामनाओं और बधाइयों का तांता लग गया है। पार्टी नेतृत्व ने अंशू मिश्रा की संगठन के प्रति निष्ठा, युवाओं के साथ उनकी मजबूत पकड़ और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय योगदान को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। माना जा रहा है कि उनकी नियुक्ति से जिले में युवा मोर्चा को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। स्थानीय नेताओं, कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने मिश्रा को इस नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं और आशा व्यक्त की है कि वे अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता से संगठन को और भी मजबूती प्रदान करेंगे।

### अवंतिका तिवारी बनीं युवक कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव



अनूपपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छत्तीसगढ़ के कोरबा दीपिका निवासी सुश्री अवंतिका तिवारी को अखिल भारतीय युवा कांग्रेस कमेटी का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति 29 जुलाई 2025 को एआईसीसी महासचिव एवं सांसद केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी पत्र के माध्यम से की गई। अवंतिका तिवारी के पिता सृष्टिधर तिवारी एसईसीएल दीपिका में कार्यरत हैं। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय एवं दिल्ली विश्वविद्यालय से पत्रकारिता एवं जनसंचार में शिक्षा प्राप्त की है। वर्तमान में वे इंदिरा फैलोशिप की राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं तथा महिला सशक्तिकरण, भागीदारी एवं जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे शक्ति अभियान के तहत देश के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में जाकर महिलाओं से सीधा संवाद कर रहीं हैं और उन्हें संगठन से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। वे अनूपपुर जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं वरिष्ठ पत्रकार धनंजय तिवारी की भतीजी तथा अंजय तिवारी की छोटी बहन हैं। अवंतिका तिवारी की नियुक्ति पर बधाई देने वालों मे मुख्य रूप से पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह, संतोष पांडेय, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के एहसान अली अंसारी, जिला सेवा दल अध्यक्ष जौहर अली, आशुतोष मार्को, राजन राठौर, संतोष यादव, राम सजीवन गौतम, दोमल सिंह, संतोष राठौर, मोहम्मद शकीर, पुरुषोत्तम कनौजिया, अमरकंटक नगर परिषद अध्यक्ष पार्वती सिंह, उपाध्यक्ष रज्जू सिंह नेताम, वीरू तंबोली, मंडलम अध्यक्ष श्यामलाल सेन, महिला कांग्रेस नेत्री अंकेश्वरी सिंह आदि शामिल हैं।

# रोज नये-नये तरीके से लोगों को निशाना बना रहे ठगबाज



### सावधानी हटी तो खाली हो जाएगा खाता
### जालसाजों से बचाव की जरूरत, हरिभूमि दे रहा महत्वपूर्ण जानकारी

हर रोज साइबर धोखाधड़ी से जुड़े मामले सामने आ रहे हैं। इन सबमें जालसाज साइबर अपराध के अनेक तरीकों को इस्तेमाल करते हैं, जिनसे अधिकतर लोग अनजान हैं। ठगी को अंजाम देने वाले मामलों में देखा गया है कि अपराधी उन तरीकों का इस्तेमाल करते हैं जो केवल टेक्नोलॉजी से जुड़ा व्यक्ति ही समझ सकता है। साइबर अपराधी एक गलती या लापरवाही का फायदा उठाकर आपकी जमापूंजी पर डाका डाल रहे हैं। वहीं, पुलिस भी इसे रोकने में बहुत हद तक सक्षम नहीं हो पाई है। ठगबाजों से सावधानीपूर्वक बचने की जरूरत है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

क्षेत्र में आए दिन साइबर ठगी की घटनाएं हो रही हैं। ठगबाजों के द्वारा नित्य नए झांसा देकर नगर के व्यापारी एवं आम जनों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। साइबर अपराधी लोगों का व्यक्तिगत डाटा चुराकर उनके रिश्तों का फायदा उठा रहे है और पीड़ति के रिश्तेदार बन कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। आप जान लें कि जालसाज खुद को बैंक कर्मी या किसी कंपनी का अधिकृत कर्मचारी बनकर फोन पर गोपनीय जानकारी हासिल करते है। जालसाज सोशल मीडिया की मदद से पूरा डिटेल हासिल कर लेते हैं, जिस वजह से जालसाज के चंगुल में आसानी से लोग फंसकर रकम गंवा देते हैं। इसके अलावा एटीएम कार्ड बदलकर भी जालसाजी की घटनाएं सामने आई है। मदद के बहाने जालसाज एटीएम कार्ड बदलकर कर रकम उड़ा देते हैं। आधार कार्ड और अन्य माध्यमों से भी जालसाजी हो रही है। कुल मिलाकर फिलहाल इससे बचने के लिए आप को खुद ही जागरूक होना पड़ेगा, नहीं तो आपका खाता खाली हो जाएगा।

#### हमेशा रहें सावधान

विदित हो कि साइबर ठगो के द्वारा टीवी रिचार्ज, गिफ्ट भेजने, लकी इनाम जीतने एवं अन्य प्रकार के झांसा देकर आधा सैकड़ा के लगभग लोगों से लाखों रुपए की ठगी की जा चुकी है। पुलिस का कहना है कि किसी प्रकार के गोपनीय जानकारी बैंक एवं किसी भी रजिस्टर्ड संस्था द्वारा फोन पर नहीं मांगी जाती। ऐसे किसी भी फोन कॉल से सावधान रहें एवं अपने पासवर्ड, पिन कोड व ओटीपी की जानकारी किसी को भी ना दें। फोन आने पर तत्काल पुलिस में जानकारी दें।

#### लोन का ऑफर

सोशल मीडिया पर पर्सनल लोन देने का ऑफर देकर भी जालसाजी होती है। इसमें आपसे कागजी खर्च के नाम पर ऑनलाइन कुछ रुपये की मांग की जाती है और फिर पूरा खाता खाली हो जाता है। गूगल पर भी जालसाज सक्रिय है। किसी भी कंपनी का टोल फ्री नंबर गूगल पर खोलने के दौरान जालसाज अपना लिंक देकर आपकी गोपनीय जानकारी हासिल कर लेते हैं और फिर खाता खाली हो जाता है।

#### आधार कार्ड से जालसाजी

इस तरह की जालसाजी के ज्यादातर मामले में ग्राहक सेवा केंद्र पर आते है। इसमें जब कोई व्यक्ति रुपये निकालने या फिर आधार कार्ड को ठीक कराने जाता है तो जालसाज उसके फिंगर प्रिंट का क्लोन बना लेते हैं और आधार कार्ड का नंबर भी हासिल कर लेते हैं, फिर इसकी मदद से जालसाज आधार कार्ड से रुपये निकाल लेते हैं या फिर उसकी मदद से आपके बैंक खाते तक पहुंच जाते हैं।

### ऐसे करें बचाव

’ पासवर्ड यूनिक और कठिन हो। हर ऑनलाइन अकाउंट के लिए अलग पासवर्ड रखें।
’ पासवर्ड में अपर केस, लोअर केस, नंबर और स्पेशल कैरेक्टर का कंबीनेशन रखें।
’ 45 दिन में अपना पासवर्ड जरूर बदल दें।
’ अगर, कोई एकाउंट आप इस्तेमाल नहीं करते हैं तो उसे डिलीट कर दें।
’ अज्ञात ई-मेल को डाउनलोड ना करें।
’ अपना पासवर्ड किसी के साथ साझा ना करें। पासवर्ड की परिधि आठ से 12 अंकों की होनी चाहिए।
’ फेसबुक, इंस्ट्राग्राम जैसे सोशल मीडिया एकाउंट के सुरक्षा फीचर को ऑन रखें
’ कस्टमर केयर का नंबर कभी भी दस अंकों का नहीं होता है।
’ अपने फोन पर अश्लील फोटो, वीडियो लिंक को ना खोले।
’ मुफ्त उपहार के चक्कर में कभी भी ना पड़े।
’ संभव हो तो बैंक या दूसरे व्यक्ति जानकारी के लिए देने के लिए अलग नंबर रखें, इससे सार्वजनिक ना करें।
’ आधार कार्ड को लॉक रखें, जब जरूरत हो तभी अनलॉक करें।

### इस तरह जालसाज बनाते हैं निशाना

साइबर अपराध की इस प्रक्रिया में अक्सर जालसाज किसी व्यक्ति के ई-मेल पर सहमति के बिना लुभावने स्पैम मेल भेजते हैं। इस मेल में कई तरह की लिंक होती हैं, जिन पर क्लिक करने से आपके कंप्यूटर या स्मार्टफोन पर नियंत्रण जालसाज के हाथों में चला जाता है। फिर वह बैंक खाते सहित कई निजी जानकारियां हासिल कर आपको चपत लगा देते हैं वही साइबर स्टॉकिंग मे साइबर अपराधी इस प्रक्रिया में निशाने पर लिए गए व्यक्ति से अश्लील बातें या चौटिंग के माध्यम से झांसे में ले लेते हैं। फिर रिकॉर्ड की गई बातचीत या चौटस के नाम पर व्यक्ति को ब्लैकमेल कर बैंक खाते से संबंधित जानकारी हासिल कर लेता और लोग ठगी का शिकार हो जाते है। कई बार वह खुद ही रिकॉर्डिंग या वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपये की मांग करते हैं। जालसाजी का एक और तरीका काफी एडवांस माना जा रहा है जिसमे अपराधियों के लिए अधिकतर कामयाबी भरा है। इस प्रक्रिया में कोई भी साइबर अपराधी निशाने पर लिए गए व्यक्ति को कई सारे ई-मेल भेजकर झांसे में लेने की कोशिश करता है। फिर व्यक्ति को बहकाकर उनसे बैंक खाते, नेट बैंकिंग पासवर्ड या पिन नंबर पा लेता है और इसकी मदद से खातों को खाली कर देता है।

# जेल से छूटते ही हिस्ट्रीशीटर बदमाश फिर शुरू किया रंगदारी वसूली

### अंग्रेजी शराब दुकान में फ्री मे शराब की कर रहा था मांग, पुलिस को देख हुआ रफूचक्कर

अनूपपुर। कोयलांचल क्षेत्र के कोतमा थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर बदमाश अतुल मिश्रा ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक बार फिर से रंगदारी पूर्वक फ्री में शराब देने को लेकर गुंडागर्दी करने का मामला सामने आया है। रविवार 27 जुलाई को बाईपास रोड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में अतुल मिश्रा अपने साथियों के साथ पहुंच सेल्समेन रवि सिंह घोष 24 वर्ष से रंगदारी पूर्वक शराब की मांग की गई जिसे न देने पर दुकान में जमकर हंगामा मचाते हुए अश्लील गाली गलौज कर जान से खत्म करने की धमकी दे डाली। देर रात तक चले हंगामा के बाद आसपास सनसनी फैल गई। आसपास के दुकानदार एवं खड़े लोग सकते में आ गए। धीरे-धीरे मामले को तूल पकड़ता देख एवं घटना की सूचना थाना में दिए जाने के बाद आरोपी अपने साथियों के साथ भाग खड़ा हुआ। ठेकेदार के कहने पर सेल्समैन ने शातिर बदमाश अतुल मिश्रा 34 एवं उसके साथियों पर रंगदारी पूर्वक शराब मांगने एवं जान से खत्म करने की धमकी का मामला दर्ज कराया गया। शराब दुकान में काम करने वाले रवि सिंह ने बताया कि हाइवे बायपास रोड में स्थित शराब दुकान में रात 10 बजे के लगभग सफेद रंग की कार से अतुल मिश्रा अपने 2 साथियों के साथ आकर गुंडागर्दी करते हुए मुफ्त में महंगी शराब की मांग करने लगा जिसे मना करने पर उत्तेजित होकर गलियां देते हुए जान से निपटा देने की धमकी देने लगा। बदमाश अतुल ने धमकाते हुए कहा कि गांव में शराब की बिक्री करनी है तो उसे फ्री में शराब देनी होगी। हमला करने की नीयत से लोहे की जाली तोड़ने लगा। भीड़ बढ़ने एवं पुलिस के आने की भनक लगते ही भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने बताया कि अतुल मिश्रा थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है जो कुछ दिनों पूर्व ही रंगदारी मांगने के कांड में जेल से बाहर आया है। जिसके खिलाफ वसूली, गुंडागर्दी करने एवं जुआ सट्टा खिलाने के अनेक मामले दर्ज है। जमानत पर बाहर आने के बाद एक बार फिर गैंग बनाकर रंगदारी मांगने सहित जुआ खिलाते हुए अपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रहता है।

#### इनका कहना है

आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। लगातार घर एवं ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। गिरफ्तार कर जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

**रत्नांबर शुक्ल**
**थाना प्रभारी कोतमा**

# श्री अष्टोत्तर शत महापुराण कथा मे संतों का हुआ सम्मान

### शांति, सद्भाव और नैतिक मूल्यों की पुनः स्थापना का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।



श्री अष्टोत्तर शत महापुराण कथा एक अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन है, जिसमें आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्मऋषि राम कृष्णा नंद महाराज सहित अनेक संतों का विधिवत सम्मान एवं स्वागत किया गया। इस आयोजन में श्री कल्याण सेवा आश्रम के संतों सहित स्वामी हर स्वरूप महाराज, स्वामी धर्मानंद जी महाराज, स्वामी सुंदरानंद महाराज, स्वामी निमिया नंद महाराज, स्वामी धूनी बाबा आदि पूज्य संतों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ाया। अष्टोत्तर शत महापुराण एक अत्यंत पूज्यनीय धार्मिक ग्रंथ है, जिसमें भगवान की महिमा, उनके अवतारों की कथाएं तथा जीवन को धर्म और सत्य के मार्ग पर ले जाने वाले उपदेश निहित हैं। इस कथा के श्रवण से श्रद्धालुजनों को न केवल आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है, बल्कि उन्हें धर्म, भक्ति और जीवन मूल्यों की भी गहराई से समझ मिलती है।

#### आचार्य महामंडलेश्वर की विशिष्ट भूमिका

आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्मऋषि राम कृष्णा नंद महाराज ने कथा को अत्यंत विधिपूर्वक, सरल एवं भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया। उनकी गूढ़ आध्यात्मिक व्याख्याएं और सहज भाषा में दिए गए उपदेशों ने श्रोताओं को गहराई से प्रभावित किया और उन्हें भगवान की भक्ति में लीन होने का अवसर प्राप्त हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनमानस को आध्यात्मिक ज्ञान से जोड़ना, भगवान की लीला एवं उनके उपदेशों के माध्यम से धर्म के मार्ग पर अग्रसर करना था। कथा के माध्यम से समाज में शांति, सद्भाव और नैतिक मूल्यों की पुनः स्थापना का संदेश दिया गया।

# ट्रेन में मिले अज्ञात युवक की नहीं हो सकी पहचान

## पुलिस एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया अंतिम संस्कार



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

तीन दिन पूर्व अनूपपुर स्टेशन में अजमेर दुर्ग एक्सप्रेस के जनरल बोगी ने अचेत अवस्था में मिले अज्ञात युवक की मौत जिला अस्पताल पहुंचाने की पूर्व हो जाने पर रेलवे पुलिस, अस्पताल पुलिस के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने युवक की पहचान हेतु हर संभव प्रयास किया गया, किंतु पहचान ना होने के कारण गुरुवार की दोपहर अज्ञात युवक के शव को मुक्तिधाम अनूपपुर में पुलिस एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा दफनाकर अंतिम संस्कार किया। इस संबंध मे बताया गया कि 29 जुलाई की शाम अजमेर से दुर्ग जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन के पास जनरल बोगी में 40 से 45 वर्ष उम्र का अज्ञात युवक अचेत अवस्था में होने की सूचना पर अनूपपुर आरपीएफ पुलिस द्वारा युवक को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाकर डॉक्टर से परीक्षण कराया इस दौरान डिप्यूटी डाक्टर ने परीक्षण कर युवक को मृत घोषित किये जाने पर युवक के शव को जिला चिकित्सालय के पीएम वार्ड के फ्रीजर में सुरक्षित रख कर आरपीएफ, जीआरपी, जिला अस्पताल पुलिस के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विभिन्न माध्यमों से युवक की पहचान करने का हर संभव प्रयास किया किंतु युवक की तीन दिनों के मध्य पहचान नहीं हो सकी युवक के पास एक थैला एवं दो जनरल टिकट उस्लापुर (बिलासपुर) से अजमेर की 7 जुलाई की प्राप्त हुई रही इसकी अतिरिक्त पहचान के अन्य कोई दस्तावेज नहीं मिला तीन दिन व्यतीत हो जाने पर पहचान ना होने के कारण डियूटी डॉक्टर से बपी,एम, करा कर जिला अस्पताल पुलिस के प्रधान आरक्षक मंसाराम सिंह मार्को, आरक्षक कमलेश प्रसाद, जिला मुख्यालय अनूपपुर की सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल, गोपाल प्रसाद राठौर, गोपाल वर्मा, अजय एवं राम प्रसाद के द्वारा अनूपपुर में सोननदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम में गुरुवार की दोपहर युवक के शव को दफनाकर अंतिम संस्कार कर ईश्वर से मृत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की, मृतक के पास से प्राप्त थैला, दो नग यात्रा टिकट एवं कपड़े को पुलिस के द्वारा जप्त कर सुरक्षित रखा गया है।

### किराना दुकान से हो रही प्रतिबंधित कोरेक्स की बिक्री

कोतमा। पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान ने सभी थाना प्रभारियों को नशे के विरुद्ध कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। इसी क्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नांम्बर शुक्ल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति गोविन्दा कांलोनी कोतमा में अपनी किराना दुकान में कोरेक्स कफ सिरप बिक्री करने के लिए रखे है। सूचना की तस्दीक हेतु तत्काल थाना प्रभारी कोतमा द्वारा पुलिस टीम गठित कर गोविन्दा कांलोनी कोतमा में शेख अजीमुद्दीन उर्फ शेरू पिता शेख नवाजूद्दीन निवासी वार्ड क्र 12 ओल्ड डबल स्टोरी कोतमा की दुकान पर रेड कार्यवाही की गई।

# अमरकंटक में नर्मदा तट पर मनाया जाएगा श्रावणी महोत्सव

### मृत्युंजय आश्रम की अगुवाई मे रक्षाबंधन के दिन होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

मां नर्मदा की पावन उद्गम नगरी अमरकंटक मे आगामी रक्षाबंधन पर्व के दिन श्रावणी महोत्सव मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर परमपूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी श्री हरिहरानंद सरस्वती जी महाराज स्वयं कार्यक्रम मे उपस्थित रहेंगे। ब्राम्हणों द्वारा विधि विधान के साथ धारण किये जाने वाले यज्ञोपवीत (जनेऊ) को बदलने और मंत्रोच्चारित जनेऊ को वर्ष भर के लिये सहेजने का श्रावणी पर्व प्रतिवर्ष श्रावण की पूर्णिमा के दिन पवित्र नदियों ,सरोवरों के तट पर संस्कार के रुप मे मनाया जाता है। इस पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए मृत्युंजय आश्रम अमरकंटक के परम पूज्य संत महामण्डलेश्वर स्वामी श्री हरिहरानंद सरस्वती जी महाराज ने बतलाया कि श्रावणी पर्व, जिसे श्रावणी पूर्णिमा भी कहा जाता है, हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण पर्व है जो ज्ञान, विद्या और ऋषियों के प्रति कृतज्ञता का ऐसा पर्व है जिसमे जनेऊ धारण करने वाले सुसंस्कारित ब्राम्हण दस स्नान के साथ पूरे विधि विधान का पालन करते हुए अपना यज्ञोपवीत बदलते हैं। यह पर्व श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है और इस दिन यज्ञोपवीत (पवित्र धागा जनेऊ) संस्कार, वेद-पुराणों का पठन-पाठन किया जाता है। श्रावणी पर्व ज्ञान और विद्या की साधना का पर्व है। इस दिन, गुरुकुलों में शिक्षण सत्र का आरंभ होता था और छात्र यज्ञोपवीत संस्कार



के साथ वेद-वेदांगों का अध्ययन शुरू करते थे। यह पर्व ऋषियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी अवसर है, जिन्होंने हमें ज्ञान का प्रकाश दिया। इस दिन, ऋषि-तर्पण करके ऋषियों के प्रति सम्मान प्रकट किया जाता है। श्रावणी पर्व आत्मशुद्धि और आत्मचिंतन का भी पर्व है। इस दिन, लोग पवित्र नदियों में स्नान करके और धार्मिक अनुष्ठान करके अपने पापों से मुक्ति पाने का प्रयास करते हैं। श्रावणी पूर्णिमा को रक्षा बंधन का पर्व भी मनाया जाता है, जिसमें बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनकी रक्षा के लिए प्रार्थना करती हैं। परिवार के आचार्य मंत्रोच्चारित रक्षा सूत्र अपने यजमानों को बाँधते हैं। राष्ट्र और धर्म की रक्षा का संकल्प लेते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, श्रावणी पर्व के दिन, लोग नदी में खड़े होकर राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए संकल्प लेते हैं। श्रावणी पर्व आयोजन की तैयारी हेतु मृत्युंजय आश्रम अमरकंटक मे जिले के कुछ प्रबुद्ध लोगों की एक आंतरिक बैठक परमपूज्य स्वामी हरिहरानंद जी, योगेश दुबे के सान्निध्य मे सम्पन्न हुई। बैठक मे अनूपपुर से मनोज द्विवेदी, डा देवेन्द्र तिवारी, बिजुरी से अजय शुक्ला, कोतमा से राजेश पयासी, मुनेश्वर पाण्डेय, वेंकटनगर से राकेश शुक्ला, मनीष शुक्ला, अनुज शुक्ला के साथ अन्य प्रमुख लोग शामिल हुए। बैठक मे श्रावणी पर्व के आयोजन की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक मे यह तय किया गया कि आगामी 9 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन प्रातः 8 बजे से नर्मदा तट पर रामघाट मे अमरकंटक के प्रकाण्ड विद्वानों, आचार्यों, पुरोहितों के साथ सभी जगह से आने वाले ब्राम्हणों, वेद पाठी बटुकों एवं अन्य लोगों के साथ पूरे विधि विधान के साथ श्रावणी महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर आचार्यो द्वारा पवित्र स्नान, हवन, पूजन, यज्ञोपवीत धारण, प्रसाद ग्रहण का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। इस आयोजन की वृहद तैयारी, आमंत्रण प्रेषण का कार्य किया जा रहा है। जिसे लेकर समाज के लोग उत्साहित हैं।